कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.10.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज की ग्रीन आर्मी ने चलाया स्वच्छता अभियान

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ग्रीन आर्मी ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। अर्थशास्त्र विभाग की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं पिछले तीन वर्षों से ग्रीन आर्मी के रूप में महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे रही है और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरक का काम कर रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल छात्राओं के मध्य उपस्थित होकर उनके इस प्रयास की उन्होनें सराहना की।

अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता बाखला एवं डॉ. दीपक कश्यप के मार्गदर्शन में छात्राएँ सप्ताह में एक दिन अपनी कक्षाओं के साथ-साथ अन्य छात्राओं को परिसर की स्वच्छता एवं उद्यान की हरियाली को लेकर प्रोत्साहित करती है।

अर्थशास्त्र परिषद की अध्यक्ष कु. सबीना परवीन विशेष रूप से विभाग की छात्राओं का महाविद्यालय परिसर स्वच्छ रखने का संदेश देती रहती है। ग्रीन आर्मी की कु. कोमल देवांगन, ट्विकंल यादव, शालिनी, तृप्ति साहू, दिप्ति ठाकुर, चंचल यादव, मानसी, शालिनी दिवाकर, सरस्वती एवं अंजली बंसल की स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग रहा।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)